# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–05 मार्च 2026** **सान्ध्य समाचार**

गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में वर्ष दो हजार सत्ताइस की जनगणना के लिए महिलाओं तथा पुरुषों के प्रतीक शुभंकर–प्रगति और विकास का औपचारिक अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने चार डिजिटल उपकरणों का भी शुभारंभ किया। इन उपकरणों में हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब एप्लिकेशन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन, स्व–गणना पोर्टल और जनगणना प्रबंधन तथा निगरानी प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र ने देश भर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

**********

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। एक रिपोर्ट–

**एयर इंडिया ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदलने या टिकट रद्द करने पर पूरा रिफंड लेने की सुविधा दी जाएगी। एयर इंडिया ने मौजूदा हालात के बीच अधिक मांग को देखते हुए टोरंटो, फ्रैंकफर्ट और पेरिस–चार्ल्स डी गॉल के लिए अतिरिक्त क्षमता वाली उड़ानें संचालित करने की घोषणा की । सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने बताया कि आज से 11 मार्च तक दिल्ली और टोरंटो के बीच 3 अतिरिक्त उडानें संचालित होंगी। 7 मार्च से 10 मार्च तक दिल्ली और फ्रैंकफर्ट के बीच तीन उडानें तथा दिल्ली और पेरिस के बीच एक उड़ान अतिरिक्त चलेगी।**

**इस बीच, पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष से सहायता के लिए सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक इन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं। नम्बर हैं–एक आठ शून्य शून्य–एक एक–आठ सात नौ सात, शून्य एक एक–दो तीन शून्य एक दो एक एक तीन, शून्य एक एक–दो तीन शून्य एक चार एक शून्य चार और शून्य एक एक–दो तीन शून्य एक सात नौ शून्य पांच । समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन के दौरान संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तपूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री योगी पिछले सोमवार से गोरखपुर प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने यहां पर होली पर्व से संबंधित विविध कार्यक्रमों और आयोजनों में हिस्सा लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।**

**********

यूपी बोर्ड परीक्षा संबंधी प्रश्नपत्र वायरल होने की भ्रामक खबरें फैलाने वाले चार यूट्यूब चैनलों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस मामले में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह की तहरीर पर आज प्रयागराज के साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज हो गया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**********

मथुरा के प्रसिद्व दाऊजी महराज मंदिर में आज कोड़ामार होली खेली गयी। एक रिपोर्ट–

**मंदिर परिसर में विश्व प्रसिद्व हुरंगा के रंग में हुरयारे और हुरियारिने रंगे नजर आए। हुरियारिनों ने पहले हुरियारों के कपड़े फाड़े और फिर उसी कपड़े का कोड़ा बनाकर हुरियारों पर कोड़े बरसाए। हुरियारे भी सखियों पर रंगों की बारिश करते रहे और होली की गीतों पर खूब झूमे। इस अदभुत होली को देखने के लिए देश–विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु दाऊजी महराज मंदिर पहुंचे। आकाशवाणी समाचार मथुरा से मोहम्मद उमर कुरैशी।**

प्रयागराज में आज दूसरे दिन भी हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया जा रहा है। कई जगहों पर होली के पारंपरिक फाग गीत संबंधी आयोजन भी किए गए।

**********

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्वकप का दूसरा सेमीफाइनल मैच आज अब से थोड़ी देर बाद भारत और इंग्लैंड के बीच मुम्बई में खेला जाएगा। वाराणसी में नमामी गंगे के सदस्यों ने इस मैच में इंग्लैंड पर भारतीय टीम की जीत के लिए श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर विशेष आरती कर बाबा विश्वनाथ और मां गंगा से प्रार्थना की। आज के मैच की विजेता टीम आठ मार्च को फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम के साथ खेलेगी।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में इस सप्ताह गर्मी बढ़ने के संकेत दिये हैं। विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी। वहीं न्यूनतम तापमान में अगले दो से तीन दिनों के दौरान दो डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना व्यक्त की गई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

**********